**सौगात** | जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए मध्यप्रदेश शासन ने किया स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन से अनुबंध

# पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप से खुलेगा मेडिकल कॉलेज

**नवभारत, कटनी।** केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र में आयोजित समारोह में कटनी जिले में पीपीपी मॉडल पर नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। पीपीपी मॉडल में बनाए जाने वाले मेडिकल कॉलेज को जहां बीजेपी सौगात बता रही है तो वहीं कांग्रेस इसे जनता के साथ धोखा बता रही है।

जबलपुर में आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड भी दिए गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्मार्ट चैट बॉट आयुष्मान और सखी का शुभारंभ किया। यह चैट बॉट आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और परामर्श देने का आसान माध्यम बनेगा। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी मजबूती को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए मातृ शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाओं को और डिजिटल नवाचार, गर्भावस्था पोषण पर प्रचार प्रसार सामग्री पोस्टर और मातृ और शिशु सुरक्षा कार्ड के वितरण कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

जिले के लिए पीपीपी मोड पर बनाए जाने वाले मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर समारोह का जिला अस्पताल में लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर



गेमावत, अपर कलेक्टर साधना कमलकांत परस्ते, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर और सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधा

पीपीपी मोड में मेडीकल कॉलेज बनाए जाने पर भाजपा ने इसे जिले के लिए सौगात बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन सोनी ने कहा है कि आसपास के जिलों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। जिले को मेडिकल कालेज की बहुप्रतीक्षित सौगात मिलने जा रही है। जिले में मेडिकल कालेज से जिले में न सिर्फ विकास बल्कि चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ रोजगार के संसाधन उपलब्ध होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं में और अधिक गतिशीलता आएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले के जन जन की आकांक्षा अनुरूप लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

### जनता के साथ धोखा

जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर कांग्रेस ने इसे जनता के साथ धोखा बताया है। युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने कहा कि कई बार विभिन्न मंचों से शासकीय मेडिकल कॉलेज की घोषणा के बाद प्रदेश सरकार ने पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड) पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। जिससे जनता स्वंय को छला महसूस कर रही है। पूर्व में विभिन्न मंचों से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, चुनाव के दौरान खजुराहो कटनी सांसद विष्णुदत्त शर्मा, और मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल ने 2023 चुनाव के समय जानकारी दी थी की कटनी में शासकीय मेडिकल कॉलेज खुलेगा।

पीपीपी मोड पर कॉलेज की घोषणा ने उन सभी घोषणाओं को ठेंगा दिखा दिया। युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिले को फिर कमजोर नेतृत्व की वजह से उपेक्षित किया गया। जबलपुर, सतना, रीवा में शासकीय मेडिकल कॉलेज है, वहीं कटनी के साथ फिर पक्षपात हुआ है। पीपीपी मोड वाले कॉलेज की विसंगतियों को जनता के बीच लेकर जाएंगे। जिससे भाजपा के जनप्रतिनिधियों का असली चेहरा जनता के सामने आ सके। पीपीपी मॉडल का मेडिकल कॉलेज जनभावनाओं के विपरीत है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। शासन को तत्काल ये फैसला वापस लेकर जिले को विधिवत शासकीय मेडिकल कॉलेज खुलवाने की मांग गई है।



## झाड़ियों के पीछे चल रह था जुआ फड़

**बड़वारा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दस जुआरियों को पकड़ा**

**नवभारत कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत दो-दो अलग स्थानों पर तासपत्तों से हारजीत का दावं लगा रहे दस युवकों को पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम भदौरा में बेयर हाउस के पीछे झाड़ियों में तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाने की जानकारी मिलने पर दबिश दी गई। पुलिस ने हारजीत का दांव लगा रहे पांच लोगों को हिरासत में लिया। जुआरियों से 18 हजार 600 रूपए जब्त किए गए है। वहीं एक अन्य फड़ से पुलिस पांच जुआरियों को पकड़ा गया है। आरोपियों से 16 हजार 9 सौ रूपए जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी एसआई केके पटेल, एसआई प्रदीप जाटव, एएसआई रामनाथ साकेत, सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, आरक्षक, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत की भूमिका रही।

### एक नजर में

## जिले में अब तक हुई 906 मिलीमीटर बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 अगस्त तक 906.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1191.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में पिछले वर्ष अब तक 858.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 980.8 मिलीमीटर, रीठी में 1191.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 836 मिलीमीटर, बरही तहसील में 818 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 793.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 798.7 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 1008.6 मिलीमीटर और ढीमरखेड़ा तहसील में 819.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## छात्रवृत्ति के लिए दो सितंबर तक करें आवेदन

**नवभारत, कटनी।** अनुसूचित जाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 2 सितंबर 2025 कर दी गई है। योजना में स्नातकोत्तर और शोध उपाधि, इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग, फाइनांस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस, विधि और मानविकी जैसे विषयों में छात्रवृत्ति दी जाएगी। पीएचडी के लिए आवेदक को स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी या 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही दो वर्ष का अध्यापन, शोध, व्यावसायिक अनुभव अथवा एमफिल उपाधि आवश्यक है। स्नातकोत्तर के लिए स्नातक में प्रथम श्रेणी या 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।

## डुप्लीकेट समग्र आईडी को पोर्टल से हटाने सर्वे शुरू

**डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों की समग्र आईडी की जांच होगी**

**नवभारत कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा शहर के सभी नागरिकों का समग्र पोर्टल पर समग्र आधार ई-केवाईसी का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है। अभियान के तहत सर्वे दल में नियुक्त वार्ड दरोगा और टैक्स कलेक्टरों द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों की समग्र आईडी का आधार से लिंक होने की जांच कर छूटे हुए नागरिकों की समग्र आईडी बनाई जा रही है, साथ ही किसी तरह की डुप्लीकेट आई.डी पाए जाने पर उसको



डिलीट करने और स्थल परिवर्तन की जानकारी को भी अपडेट किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त ने लोगों से कहा है कि सर्वे दल को सही और स्पष्ट जानकारी निगम प्रशासन को दे और इस कार्य में सहयोग दें। गलत जानकारी देने पर डुप्लीकेट समग्र आईडी डिलीट करने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी पूरी जवाबदारी संबंधित जानकारी देने वाले की होगी। गौरतलब है कि शासन निर्देशानुसार आगामी माह में शासन द्वारा सिर्फ आधार लिंक्ड समग्र आईडी को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से शासकीय योजनाओं का हितलाभ वितरण किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

## कांग्रेस के सिद्धांतों और लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में मार्गदर्शन दिया

**नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को दिल्ली में दिया गया प्रशिक्षण**

**नवभारत कटनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए।

मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों को संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हर हाल में संघर्ष करने का संकल्प दिलाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को लोकसभा नेता प्रतिपक्ष लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी ने



नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को संगठन की मजबूती, कांग्रेस के सिद्धांतों और लोकतंत्र की रक्षा की दिशा में मार्गदर्शन दिया। उन्होने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष सिर्फ चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक आत्मा और संविधान की सुरक्षा का आंदोलन है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि बहुत जल्द प्रत्येक प्रदेश में 10 दिवसीय विशेष संगठनात्मक शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मैं आपके परिवार जनो से भी मिलना चाहूंगा। इस अवसर पर संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में कटनी जिले से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला और ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने हिस्सा लिया।

## अवैध कॉलोनी के लिए बनाई जा रही सड़क पर चलाई गई जेसीबी

**जानकारी मिलने के बाद नगर निगम ने की कार्रवाई**

**नवभारत कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में अवैध निर्माण कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के ओल्ड सिक लाइन में अवैध कॉलोनी निर्माण की जानकारी मिलने पर नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर निगम की निर्माण शाखा के अधिकारियों और अतिक्रमण विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बिना अनुमति स्थल पर सड़क निर्माण के लिए बनाई गई



प्राथमिक संरचनाओं को जेसीबी से तोड़ दिया गया। साथ ही भविष्य में बगैर अनुमति के कॉलोनी निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा, उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह, अश्वनी पांडे, शैलेन्द्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित अतिक्रमण दल और पुलिस बल की मौजूदगी रही।

नगर निगम आयुक्त ने कहा है कि शहर में अवैध कॉलोनियों का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियम विरुद्ध कॉलोनी विकसित करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिक प्लाट खरीदने के पहले संबंधित भूमि के वैध दस्तावेज और कॉलोनी की स्वीकृति अवश्य जांच लें। नगर की सुव्यवस्थित योजना और विकास के लिए अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाना आवश्यक है।

नागरिकों को भी चाहिए कि वे नियमों का पालन करते हुए ही निर्माण कार्य कराएं।

## करौंदी को नेशनल पार्क बनाने की मांग

**जिला पंचायत सदस्य ने कार्यकर्ताओं के साथ की मुख्यमंत्री से मुलाकात**

**नवभारत उमरियापान।** जिले के सिलौंडी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य और सभापति उद्योग और सहकारिता कविता पंकज राय ने ढीमरखेड़ा और सिलौंडी क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्वागत किया।

साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए पत्र सौंपा है। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के साथ ढीमरखेड़ा जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, सरपंच पंचों बाई, खमरिया बागरी सरपंच अनिल सिंह बागरी, सरपंच रिया राहुल दुबे, सरपंच सीमा भरत शुक्ला सहित सैकड़ों



ग्रामीणों के साथ मिलकर पुष्प वर्षा के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कविता पंकज राय ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र के माध्यम से सिलौंडी में स्वीकृत कन्या छात्रावास के नवीन भवन का निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की। साथ ही सिलौंडी महाविद्यालय में छात्रावास भवन निर्माण करने, सिलौंडी और नेगाई के बीच नया पुल बनाने, सिलौंडी कॉलेज से अतरसूमा तक मार्ग, मां वीरासन मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने, सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग बनाने, भारत के केंद्र बिंदु करौंदी को नेशनल पार्क बनाने की मांग की है।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों को पदस्थ करने की मांग

**विधायक और पार्टी पदाधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात**

**नवभारत उमरियापान।** बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सिलौंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, उपाध्यक्ष अरविंद पीतिवारी, महामंत्री सोनू गौतम, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने होटल अरिंदम में मुख्यमंत्री मोहन यादव को गुलस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने सिलौंडी क्षेत्र के प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र सिलौंडी, कछार गांव बड़ा सहित उप केंद्रों में डॉक्टर नहीं होने कारण हो रही परेशानी की जानकारी दी। जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौंडी और कछार गांव बड़ा में डॉक्टर की नियुक्ति कराने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह ने पत्र के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न मार्ग सुनतरा से दशरमन, सिलौंडी से अम्हेटा, सिलौंडी कॉलेज से अतरसूमा, इटौली से भंडारा मार्ग बनाने की स्वीकृत करने, सिलौंडी नेगाई पुल की ऊंचाई बढ़ाते हुए नया पुल स्वीकृत करने पत्र सौंपा है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा, विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर चर्चा की ।

## बिजली का तार चोरी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**माधवनगर थाने की निवार चौकी पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाने की निवार चौकी पुलिस ने बिजली की तार चोरी करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिसने आरोपियों के पास से सात बंडल एल्यूमनियम की तार को बरामद किया है। साथ ही चोरी में उपयोग किए गए ऑटो रिक्शा को जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 23 अगस्त सतना जिले के नागौद निवासी एलटेल पावर लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर ने शिकायत की थी कि लघु औद्योगिक निगम टिकरिया मे नई बिजली की लाईन 33 केवी की खम्बा और तार




खींचने का ठेका लिया गया था जिसका कार्य उसके द्वारा माह जून 2025 से ग्राम टिकरिया से तिहारी तक के लिए कराया जा रहा था, निवार मुरली मंदिर से संसारपुर तक के लिए खम्बा ओर नई बिजली 33 केवी की लाईन खींची गई थी इसी बीच 4 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने सभी लोग काम बंद कर अपने अपने घर चले गए थे। 23 अगस्त को वापस आए तो जानकारी मिली कि खम्बे मे खीचीं गई 33 केवी बिजली एल्युमीनियम तार बिजली के खम्बों से काटकर चोरी कर ली गई है।

सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर पौनिया गावं निवासी बराती कोल, पड़रभटा गांव निवासी शिवदयाल पटेल, सचिन बैरागी, बजरंग मोहल्ल निवासी रामसुजान बर्मन, पौनिया मोहल्ला निवासी प्रथम कोल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान संदेहियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई तार को बरामद कर लिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई नेहा मोर्य, एएसआई रमाकांत दुबे, कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक अखिलेश दीक्षित, मनीष कुमार, देवेश कुमार, गौरव सेन, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा, वकील यादव की भूमिका रही।

**कार्यक्रम** | लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित किया गया दो दिवसीय कार्यक्रम, उद्योगों के स्टार्टअप पर की गई चर्चा

## कृषि नियमों में सुधार करने बनेगी समिति, मॉर्गेज लोन स्टाम्प ड्यूटी में उद्यमियों मिलेगा डिस्काउंट

**नवभारत, कटनी।** लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश द्वारा एमएसएमई कन्वेंशन सेंटर भोपाल गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में दो दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में एदल सिंह कंसाना, प्रकाश चंद्र सहित लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री सहित प्रदेश के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मंच से प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी द्वारा कृषि मंत्री से प्रदेश के कृषि नियमों में सुधार करने मांग की। जिस पर कृषि मंत्री द्वारा मंच से समिति बनाने की घोषणा की गई। प्रादेशिक सम्मेलन में अलग-अलग सत्रों



पर पावर सेविंग, वेस्ट इंडस्ट्रीज, लिप पोर्टल, नवीन एमएसएमई पॉलिसी की जानकारी, स्टार्टअप की जानकारी सहित महिला कार्य विस्तार, नवीन टेक्नोलॉजी के साथ कार्य का विस्तार, स्वदेशी का उपयोग, पंच परिवर्तन, निर्यात को बढ़ावा देना जैसे अनेक विषयों पर अलग-अलग सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। सम्मेलन के समापन सत्र मे अगले दो वर्ष के लिए प्रदेश की नई टीम का पुनर्गठन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा पीथमपुर के राजेश मिश्रा और प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दोबारा कटनी के अरुण सोनी को दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन स्टार्टअप और उद्यमी महाकुंभ का आयोजन किया गया।

इसके साथ ही लघु उद्योग भारती के प्रदेश के नवीन कार्यालय उद्यम सेतु का लोकार्पण भी किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉक्टर कृष्ण गोपाल, मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री चैतन्य कश्यप ने की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में कृषि फूड आधारित उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को जिसमें लाडली बहनो के साथ साथ मप्र के युवाओं को भी रोजगार मिले, ऐसे उद्यमियों को मप्र सरकार उसमें कार्य करने वाले कर्मियों के वेतन का 5 हजार प्रति माह 10 साल तक के लिए देगी।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के लिए एक और घोषणा करते हुए कहा कि मॉर्गेज लॉन पर स्टाम्प ड्यूटी की माफी का लाभ किसानों के साथ-साथ लघु उद्यमियों को भी मिले इसके लिए सरकार योजना बना रही है।





